दिन– मंगलवार | दिनांक– 29 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये राष्ट्रीय रोजगार मेला के तहत इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. प्रधानमंत्री आज आयुष्मान भारत योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की करेंगे शुरूआत। पटना एम्स में चार विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण।

03. बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवम्बर से। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

04. और, पटना में मेट्रो रेल निर्माण में लगे दो मजदूरों की टनल मशीन की चपेट में आने से मौत। छह घायल।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त होंगे। रोजगार मेला देशभर में चालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज धन्वंतरि जयंती और नवें आयुर्वेद दिवस के अवसर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत करेंगे। विस्तारित योजना के तहत सभी आय वर्ग के लगभग छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में सालाना पांच लाख रुपये तक का इलाज करवा सकेंगे। प्रधानमंत्री आज ही नियमित टीकाकरण के इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण के लिए विकसित यू–विन पोर्टल का भी लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी नई दिल्ली से देशभर में स्वास्थ्य संबंधी लगभग बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री पटना एम्स में चालीस करोड़ रूपये की लागत वाली चार नई स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत करेंगे। इसमें ड्रोन से स्वास्थ्य सेवाओं की सुदूरवर्ती इलाकों तक पहुंच सुनिश्चित करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा श्री मोदी

पटना एम्स में किडनी प्रत्यारोपण इकाई और नवजात बच्चों के लिए आईसीयू इकाई का उद्घाटन करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री कैंसर रोग विभाग में हेला मशीन का भी लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, पाटलिपुत्र की सांसद मीसा भारती और फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल रविदास उपस्थित रहेंगे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बाढ़ प्रभावित किसानों के बीच कृषि इनपुट योजना के अन्तर्गत एक सौ करोड़ रूपये से अधिक राशि का वितरण करेंगे। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री मंगल पांडेय और आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज देश भर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एकता दौड़ विकसित भारत का प्रतीक बन चुका है।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना समेत राज्य के अलग–अलग हिस्सों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। रन फॉर यूनिटी का आयोजन सरदार पटेल की जयंती पर इकतीस अक्टूबर को किया जाता है, लेकिन इस बार दीपावली के कारण यह आयोजन पहले किया जा रहा है।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवम्बर से शुरू होगा। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी। पहले दिन द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। साथ ही इसी दिन राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति भी सदन पटल पर रखी जायेगी। छब्बीस और सत्ताईस नवम्बर को राजकीय विधेयक पेश होंगे। अट्ठाईस नवम्बर को चर्चा के बाद द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक पारित होगा। उनतीस नवम्बर को अनुपूरक बजट पर सामान्य चर्चा होगी। संसदीय कार्य विभाग ने शीतकालीन सत्र से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

—————————————————————————

इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ विधानसभा क्षेत्रों के उप–चुनाव के लिए चौवालीस नामांकन वैध पाये गये हैं। उप–चुनाव के लिए कुल पचास प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे थे। कल नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन है। इन चार सीटों पर उप–चुनाव के लिए मतदान तेरह नवंबर को होगा।

—————————————————————————

निर्वाचन आयोग आज से प्रदेश में संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करेगा। यह अभियान अट्ठाईस नवंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत दो नवंबर, तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को विशेष शिविर लगाए जायेंगे। पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिलों में बैठक आयोजित कर कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है।

—————————————————————————

पटना में मेट्रो रेल निर्माण में लगे दो मजदूरों की टनल मशीन की चपेट में आने से मौत हो गयी। वहीं, इस हादसे में छह मजदूर घायल हो गये हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने मौत की पुष्टि करते हुये बताया कि पटना साइंस कॉलेज के पास टनल मशीन का ब्रेक फेल हो जाने से यह हादसा हुआ। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसमें एक की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। इधर, घटनास्थल पर काम कर रहे मजदूरों का आरोप है कि मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की लापरवाही से यह हादसा हुआ।

—————————————————————————

धनतेरस का पर्व आज पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोना–चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। माना जाता है कि इससे घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है। धनतेरस को लेकर राजधानी पटना सहित प्रदेश भर के बाजारों में सुबह से ही विशेष रौनक देखी जा रही है। आभूषण की दुकानों, गाड़ियों के शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बर्त्तन की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेन दो हजार पच्चीस के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। पहले सत्र की परीक्षा बाईस से इकतीस जनवरी तक निर्धारित है। पहले सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अभ्यर्थी बाईस नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

———————————————————————

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अधीन अमीन पद के एक सौ बहत्तर अभ्यर्थियों का पूरक परिणाम जारी किया है। बोर्ड की वेबसाईट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध है।

———————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में कर्नाटक की टीम ने पहली पारी में बिहार पर एक सौ चौवालीस रनों की बढ़त बना ली है।

———————————————————————

बड़ौदा में खेले जा रहे सी.के. नायडू क्रिकेट टूर्नामेंट के मेन्स अन्डर ट्वेंटी थ्री मुकाबले में बड़ौदा ने बिहार को पारी और एक सौ तीन रनों के विशाल अन्तर से पराजित कर दिया। बिहार अपना अगला मुकाबला हरियाणा के खिलाफ खेलेगा।

———————————————————————

बीसीसीआई द्वारा आयोजित सीनियर वीमेंस टी—ट्वेंटी ट्रॉफी के अंतिम लीग मैच में पंजाब ने बिहार को आठ विकेट से पराजित कर दिया। बिहार की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

———————————————————————

सीतामढ़ी के डुमरा स्थित जानकी स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय विद्यालय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सीतामढ़ी की टीम विजेता बनी है। फाईनल मैच में सीतामढ़ी ने पटना को चौंतीस—इकतीस से पराजित किया।

———————————————————————

पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन लाख रूपये अवैध निकासी के मामले में औरंगाबाद जिले के नवीनगर एसबीआई शाखा के तत्कालीन प्रबंधक पी.के. सिंह को तीन वर्ष कारावास और छह लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को तीन—तीन वर्ष कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने नागपुर की एक कम्पनी की बिहार स्थित कई अचल सम्पत्तियों को जब्त किया है। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गयी है।

————————————————————————

सीबीआई ने टेंडर घोटाला मामले में पूर्व मध्य रेलवे के दो अधिकारियों और एक निजी कम्पनी के निदेशक पर केस दर्ज किया है। इस मामले में सहायक अकाउंट सलाहकार अनुराग गौरव और महेन्द्रूघाट रेल कार्यालय के अधिकारी विकास कुमार तथा एक निजी कम्पनी के निदेशक अभिषेक सिंह को अभियुक्त बनाया गया है।

————————————————————————

पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र की चूड़ी गली में अपराधियों ने एक चांदी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक मूल रूप से आगरा का रहने वाला था।

————————————————————————

सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत भौरा बाईपास के पास अपराधियों ने एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आपसी विवाद को हत्या का कारण बताया है।

————————————————————————

पटना की एक अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में दोषी अजय महतो को बारह वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पटना में एनडीए की समन्वय बैठक से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– सभी विधानसभा क्षेत्रों में बैठक करेगा एनडीए।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– विधानमंडल का शीताकलीन सत्र पच्चीस नवम्बर से।

प्रभात खबर लिखता है– धनतेरस आज होगी, बाईस सौ करोड़ रूपये की धनवर्षा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–जनगणना दो हजार पच्चीस की शुरूआत में जाति के मुद्दे पर अब तक कोई फैसला नहीं।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पटना में नीली रौशनी से जगमग होंगे छठ घाट।

आज अखबार की सुर्खी है– लॉरेंस गैंग ने दी पप्पू यादव का जान से मारने की धमकी।

—————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये राष्ट्रीय रोजगार मेला के तहत इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

02. प्रधानमंत्री आज आयुष्मान भारत योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना की करेंगे शुरूआत। पटना एम्स में चार विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण।

03. बिहार विधान मंडल का शीतकालीन सत्र पच्चीस नवम्बर से। उनतीस नवम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें होंगी।

04. और, पटना में मेट्रो रेल निर्माण में लगे दो मजदूरों की टनल मशीन की चपेट में आने से मौत। छह घायल।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।